



# लैंड-ड्वेलर 36

ऑयस्टर, 36 मिमी, प्लैटिनम और डायमंड्स

लैंड-ड्वेलर 36 प्लैटिनम में एक आइस नीला हनीकॉम्ब (मधुकोश)-मोटिफ़ हीरा जड़ित डायल और सपाट जुबिली ब्रेसलेट के साथ।





आइस-ब्ल्यू डायल

# नाजुक रेखाएँ

यह आइस नीला - प्लैटिनम से बनी घड़ियों के लिए आरक्षित रंग - डायल सनरे फिनिश के साथ एक मधुमक्खी के छत्ते (हनीकॉम्ब) के आकार की आकृति से सुसज्जित है। इसके निर्माण में पारंपरिक शिल्प कौशल और उच्च प्रौद्योगिकी विधियों का उपयोग किया गया है, जो सभी अपने ही कारखाने में ही निपुणता से विकसित की गई हैं।

छत्ते की संरचना को फेम्टोसेकंड लेजर से काटा जाता है, जिसका उपयोग प्रत्येक कोशिका को अलग करने वाले खांचे में नाजुक रेखाएं बनाने के लिए भी किया जाता है। घंटों को चिह्नित करने के लिए डायल पर 10 10 बैग्वेट-कट डायमंड्स जड़े गए हैं।



डायमंड-जड़ित बेज़ेल

# एक आकर्षक सिंफ़नी

मूर्तिकारों की तरह, रत्न सेट करने वाले बहुमूल्य धातु को बारीकी से तराश कर उस स्थान को हाथ से आकार देते हैं जिसमें प्रत्येक रत्न त्रुटिहीन ढंग से बैठाया जाएगा। जौहरी की कला और शिल्प के साथ, रत्न को बैठाया और दूसरे नगों के साथ बहुत ध्यान से संरेखित किया जाता है, और फिर इसकी गोल्ड या प्लैटिनम सेटिंग में मज़बूती से लगा दिया जाता है।

नगों के अंतर्निहित गुणों के अलावा, कई अन्य कारक भी रोलेक्स की रत्न-जड़ने की सुंदरता में योगदान करते हैं: नगों की ऊंचाई का सटीक संरेखण, उनकी दिशा और पोज़ीशन, सेटिंग की नियमितता, मज़बूती और अनुपात तथा धातुकर्म की महीन फिनिशिंग। घड़ी को उन्नत और पहनने वाले को मंत्रमुग्ध करने वाली एक आकर्षक सिंफ़नी।




प्लैटिनम

# धातुओं का अभिजात

दुर्लभ और बेशकीमती प्लैटिनम अपनी रुपहली सफेदी और अपनी चटख दीप्ति की वजह से बेहद आकर्षक होता है। यह विश्व की सघनतम और सबसे भारी धातुओं में से एक है, जिसकी विशिष्ता है इसके अद्वितीय रासायनिक और भौतिक गुण, जैसे कि क्षरण के प्रति असाधारण संक्षारण प्रतिरोधी क्षमता।

विरोधाभास यह है कि यह नर्म, खिंचावदार और अत्यधिक नमनीय भी होता है, जिसके कारण इसकी मशीनिंग और पॉलिशिंग खास तौर पर कठिन होती है, जिसमें अत्यधिक उच्च कोटि के कौशल की ज़रूरत होती है। रोलेक्स हमेशा 950 प्लैटिनम का प्रयोग करता है, यह एक मिश्रधातु होती है जिसमें 950‰ (हज़ारवां भाग) प्लैटिनम होता है, जिसे रोलेक्स

में उत्कृष्ट धातुकर्मियों द्वारा बहुत ध्यानपूर्वक इन-हाउस तैयार किया जाता है। सबसे बेहतरीन घड़ियों के लिए सबसे शानदार धातुएं।



फ्लैट जुबिली ब्रेसलेट

# निर्बाध एकीकृत डिजाइन

इस घड़ी के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया फ्लैट जुबिली ब्रेसलेट, प्रतीकात्मक जुबिली ब्रेसलेट का पुनर्व्याख्यान है। फ्लैट जुबिली इस मायने में भिन्न है कि इसमें सभी लिंक सपाट हैं और ऑइस्टर केस के साथ सहजता से मिलकर एक संतुलित, सामंजस्यपूर्ण समग्रता का निर्माण करते हैं, जिसमें पॉलिश और तकनीकी सैटिन फिनिशिंग का मिश्रण है।

इसके अलावा, ब्रेसलेट के बाहरी लिंक के ऊपरी किनारों को बेवेल किया गया है, जैसा कि मध्य केस के भी हैं और परिणामस्वरूप बने चैम्फर को पॉलिश किया गया है, जिससे प्रकाश की एक सतत रिबन का आभास होता है। यह एक कंसील्ड फ़ोल्डिंग क्राउनक्लास्प से सुसज्जित है।

# और पढ़ें तकनीकी विवरण
# लैंड-ड्वेलर

संदर्भ 127286TBR

## मॉडल केस

**प्रकार**
ऑयस्टर, 36 मिमी, प्लैटिनम और डायमंड्स

**व्यास**
36 मिमी

**सामग्री**
प्लैटिनम

**बेज़ेल**
हीरा जड़ित

**केस बैक**
गुंबदाकार पारदर्शी केस बैक, परावर्तक - रोधी कोटिंग के साथ

**ऑयस्टर संरचना**
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

**वाइडिंग क्राउन**
स्क्रू-डाउन, ट्विनलॉक डबल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

**क्रिस्टल**
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर, तारीख के ऊपर साइक्लोप्स लेंस

**जल प्रतिरोधी-क्षमता**
100 मीटर / 330 फीट तक वॉटरप्रूफ़

## घड़ी की मशीन

**प्रकार**
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग

**कैलिबर (घडी के चलने की यंत्रावली)**
7135, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

**सटीकता**
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

**ऑस्सिलेटर**
पेटेंटीकृत ज्यामिति वाली सिलिकॉन से बनी सिलॉक्सी हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्जॉर्बर्स

**वाइडिंग**
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

**पॉवर रिज़र्व**
लगभग 66 घंटे

**फंक्शन**
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ। तीव्र सेटिंग के साथ तत्क्षण तारीख। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

## ब्रेसलेट

---

**प्रकार**
फ्लैट जुबिली, पाँच-पीस सॉलिड लिंक

**ब्रेसलेट सामग्री**
प्लैटिनम

**क्लास्प**
कन्सील्ड फ़ोल्डिंग क्राउन्सक्लास्प

## डायल

---

**प्रकार**
आइस नीला, हनीकॉम्ब (मधुकोश)-मोटिफ़ हीरा जड़ित

**रत्न-जड़ना**
10 बैग्वेट-कट डायमंड्स

## प्रमाणन

---

**प्रकार**
सुपरलेटिव क्रोनोमीटर (COSC + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

# Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

**सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।**

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX